भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 280 का उत्तर

केरल में रेल उपरिपुल का निर्माण

280. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में मदुरै रेल मंडल के अंतर्गत करयारा मन्नाणकुझी लघु रेल उपरिपुल के निर्माण से संबंधित कार्यों की स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या रेल मंत्रालय को विलक्कुडी ग्राम पंचायत से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसमें रखरखाव और मरम्मत प्रभारों के लिए जमा राशि के तत्काल अग्रिम भुगतान को माफ करने और समुचित समय के भीतर भुगतान करने के लिए एक समझौता करने का अनुरोध किया गया है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में रेल अधिकारियों की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): कोल्लम जिले के विलक्कुड़ी ग्राम पंचायत के अनुरोध पर, पुनालुर और औवानीस्वरम रेलवे स्टेशनों के बीच कि.मी. 721/468 पर करयारा मन्नानकुझी में छोटे ऊपरी सडक पुल (आरओबी) के निर्माण का कार्य निक्षेप शर्तों पर शुरू किया गया है। सामान्य आरेखण व्यवस्था (जीएडी) को अनुमोदित कर दिया गया है और विस्तृत अनुमान स्वीकृत कर दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, अनुरक्षण और मरम्मत के लिए पूंजीकृत/समेकित राशि के एकमुश्त भुगतान के बजाय वार्षिक आधार पर अनुरक्षण और मरम्मत के लिए भुगतान की अनुमति देने के ग्राम पंचायत के अनुरोध की भी जांच की गई है और परिणामस्वरूप अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

****

s.k